# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना-800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, बेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पटना/ दिनांक 24/09/2018

## अधिसूचना

संख्या-नि॰ प्रा॰/ नि॰ 1-04/ 2018 969....चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-1 में अंकित 54 विभिन्न सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।**

अत: बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-2** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार **अनुलग्नक-1** में अंकित सहकारी समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 04.11.2018 (रविवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या- 776 दिनांक 02.08.2018, पत्र संख्या 799 दिनांक 06.08.2018 एवं पत्र संख्या 834 दिनांक 14.08.2018 द्वारा मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ 31.07.2018 निर्धारित की गयी है एवं तदनुसार मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन क्रमश: दिनांक 30.08.2018 एवं 08.09.2018 को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जा चुका है।

बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम (बिहार अधिनियम 06, 2013) द्वारा अधिनियम VI, 1935 की धारा-14 में किये गये संशोधन के आलोक में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव पद आदि सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छ: पद आरक्षित होंगे।

(ii) सहकारी समिति के प्रबंधकारिणी समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) स्थान, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान आरक्षित किये जायेंगे।

(iii) उपर्युक्त आरक्षित स्थानों की कुल संख्या प्रबंधकारिणी समिति के कुल स्थानों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(iv) अगर समिति में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं, स्थान उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर समिति की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद खाली रहेंगे।

(vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित स्थानों को छोड़कर प्रबंधकारिणी समिति में जो शेष स्थान बच जाते हैं, उन स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अधिक नहीं, स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन स्थानों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(vii) जिन समितियों में निर्वाचित होने वाले पदों की संख्या 12 से कम होंगी, उनमें निबंधक, सहयोग समितियाँ के पत्रांक 4992 दिनांक 01.11.2013 के आलोक में पदों की संख्या 12 मानकर एवं तदनुसार उपर वर्णित आरक्षण के प्रावधानों को लागू कर निर्वाचन संपन्न कराया जायेगा।

निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए **प्रपत्र-ई॰ 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 01.10 .2018 ( शुक्रवार )** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

जिन समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 6** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं तिथियों को फैक्स **(0612-2231562, 2215089)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**( गिरीश शंकर )**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 969 पटना/ दिनांक 24/09/2018

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 969 पटना/ दिनांक 24/09/2018

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

24/9/18

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 969 पटना/ दिनांक 24/09/2018

प्रतिलिपि : संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधियाँ दिनांक 29.09.2018 (शनिवार) तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियों के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 969 पटना/ दिनांक 24/09/2018

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 969 पटना/ दिनांक 24/09/2018

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 969 पटना/ दिनांक 24/09/2018

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

| निर्वाचन देय सहकारी समितियों की सूची | | | |
|---|---|---|---|
| क्र० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | सहकारी समितियों का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | समस्तीपुर | दलसिंहसराय | दलसिंहसराय अनुमंडलीय केन्द्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 2 | सारण | छपरा सदर | सर्वव्यापी सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति |
| 3 | सारण | छपरा सदर | इदिरा गाँधी सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति |
| 4 | सारण | एकमा | गौसपुर श्रमिक सहयोग समिति लि0 |
| 5 | सारण | एकमा | चैनवाँ सहकारी शीत भंडार लि0 |
| 6 | सारण | दरियापुर | मगरपाल महिला विकास सहयोग समिति |
| 7 | रोहतास | नासरीगंज | नासरीगंज प्राथमिक कम्बल बुनकर स0 स0 लि0 |
| 8 | गया | टिकारी | बेलमा उलेन प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि0 |
| 9 | गया | मानपुर | मानपुर प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि0 |
| 10 | मुंगेर | मुंगेर | बी0एम0पी0 9 प्राथमिक कंज्यूमर स्टोर लि0 |
| 11 | मुंगेर | जमालपुर | जमालपुर रेलवे एम्पलाई ऐंगलिंग कैंटिंग स0स0लि0 |
| 12 | मुंगेर | धरहरा | अंचल शिक्षक सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 13 | पूर्वी चम्पारण | छौड़ादानो | छौड़ादानो सरकारी कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 14 | पूर्वी चम्पारण | मोतिहारी | मठिया फल सब्जी उत्पादक सहयोग समिति लि0 |
| 15 | वैशाली | हाजीपुर | शिवशैल सहकारी गृह निर्माण सहयोग समिति लि0 |
| 16 | पटना | पटना सदर | करबिगहिया सहकारी उपभोक्त भंडार लि0 |
| 17 | पटना | पटना सदर | आनंदग्राम चिरैयाटाड़ सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 18 | पटना | पटना सदर | पूर्वी कंकड़बाग सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 19 | पटना | पटना सदर | नवमगध महिला सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 20 | पटना | पटना सदर | लाल बहादुर सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 21 | पटना | पटना सदर | चांदमारी रोड सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 22 | पटना | मनेर | महिनावां बाजार एवं बगीचा सहकारी उपभोक्ता भंडार लि0 |
| 23 | पटना | पटना सदर | मार्डन नेशनल सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 24 | पटना | पटना सदर | कुर्जी होली फैमली कर्मचारी को-ऑपरेटिव लि0 |
| 25 | पटना | पटना सदर | अपना घराना सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 26 | पटना | पटना सदर | पटना पेरिस थ्रिफ्ट सेभिंग एण्ड क्रेडिट सो0 लि0 |
| 27 | पटना | पटना सदर | वेद नगर सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 28 | पटना | पटना सदर | मैत्री सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 29 | पटना | पटना सदर | जेनिथ सहकारी गृह निर्माण लि0, दरियापुर पटना |
| 30 | पटना | पटना सदर | श्रीकंठ नगर सहकारी गृह निर्माण स0स0लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31 | पटना | पटना सदर | शुभ श्री मिलन सहकारी गृह निर्माण स0 स0 लि0 |
| 32 | पटना | पटना सदर | एन आई टी पटन कर्मचारी गृह निर्माण स0 स0 लि0 |
| 33 | पटना | पटना सदर | सुख संसार सहकारी गृह निर्माण स0 स0 ल0 |
| 34 | पटना | पटना सदर | सुमन सहकारी गृह निर्माण स0 स0 लि0 |
| 35 | पटना | पटना सदर | जनता नगर सहकारी गृह निर्माण स0 स0 लि0 |
| 36 | पटना | पटना सदर | पार्क भ्यू सहकारी गृह निर्माण स0 स0 लि0 |
| 37 | पटना | पटना सदर | उदयन सहकारी गृह निर्माण स0 स0 लि0 |
| 38 | पटना | पटना सदर | महामना म0 मो0 मालवीय सहकारी गृह निर्माण स0स0लि0 |
| 39 | पटना | पटना सदर | नवनीत सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 40 | पटना | पटना सदर | दीपक सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 41 | पटना | पटना सदर | बिहार वित्त सेवा सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 42 | पटना | पटना सदर | एल0आई0सी0 इ [illegible]लाईज को-ऑपरेटिव थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट स0 |
| 43 | पटना | पटना सदर | वेलफेयर हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 |
| 44 | पटना | पटना सदर | पिपुल्स को-ऑपरेटिव हाउस कन्सट्रक्शन सोसाईटी लि0 |
| 45 | पटना | पटना सदर | न्यू आईडियल सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 46 | पटना | पटना सदर | सी0डी0ए0 इम्पलाईज को-ऑपरेटिव हाउस कन्सट्रक्शन सोसाईल लि0 |
| 47 | पटना | दानापुर | ललित बुद्धिजीवी सहकारी गृह निर्माण स0स0 लि0, दानापुर |
| 48 | पटना | दानापुर | राम जयपाल नगर सहकारी गृह निर्माण स0स0 लि0, दानापुर |
| 49 | भागलपुर | नाथनगर | हरिजन खादी हैडलूम प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 50 | भागलपुर | नाथनगर | नाथनगर ग्रामोद्योग स0स0लि0 |
| 51 | भागलपुर | शाहकुंड | दरियापुर प्राथमिक बुनकर स0स0लि0 |
| 52 | सीतामढ़ी | सीतामढ़ी | रीगा मिल सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 53 | खगड़िया | खगड़िया | खगड़िया अंचल नाव यातायात सहयोग समिति लि0 |
| 54 | औरंगाबाद | औरंगाबाद | औरंगाबाद कम्बल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि0 |

अनुलग्नक-2

## अनुलग्नक-1 में उल्लिखित समितियों के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 01.10.2018 (सोमवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 22.10.2018 (सोमावार) एवं 23.10.2018 (मंगलवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 24.10.2018 (बुधवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 25.10.2018 (गुरूवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 04.11.2018 (रविवार) 7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 04.11.2018 (रविवार) (मतदान के तुरंत पश्चात्) |